हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

14 कोडलियर के स्कूली बच्चों को नहीं मिल रहा शुद्ध ....

15 दंतेवाड़ा जिला संवाद 2026: सरकार के 2 वर्ष पूरे होने...




# वन मंत्री के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी पहुंचे कांगेरघाटी उद्यान

## ईको-टूरिज्म व आजीविका संवर्धन की संभावनाओं की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप के साथ हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे। जिनका कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार, एसडीओ कमल तिवारी, परिक्षेत्र अधिकारी कोटमसर एवं कोलेंग सहित मैदानी कर्मचारियों तथा ईको-विकास समिति के सदस्यों ने पारंपरिक स्वागत किया। स्थानीय ईको-विकास समिति द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने क्षेत्र की समृद्ध आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के उपरांत वन मंत्री एवं प्रधान संपादक ने उद्यान क्षेत्र का भ्रमण किया। स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उसके बाद स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया तथा क्षेत्र में ईको-टूरिज्म एवं आजीविका संवर्धन की संभावनाओं की सराहना की। इस दौरान ईको-विकास समिति तीरथगढ़ एवं मांझीपाल को पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पैडल बोट प्रदान की गईं। इस पहल से क्षेत्र में ईको-टूरिज्म को नई दिशा मिलने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना सुदृढ़ हुई है। इस अवसर पर उद्यान क्षेत्र की विभिन्न ईको-विकास समितियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु मार्गदर्शन किया गया।




### समन्वित विकास पर दिया जोर

कार्यक्रम में केदार कश्यप ने कहा कि उद्यान में समुदाय आधारित पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संरक्षण एवं विकास के मध्य संतुलन स्थापित करते हुए प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर विशेष जोर दिया तथा आश्वस्त किया कि राज्य शासन द्वारा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर सकारात्मक पहल की जाएगी। समुदाय की सक्रिय सहभागिता को संरक्षण की आधारशिला बताते हुए स्थानीय आजीविका संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के समन्वित विकास पर बल दिया।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर से मिले मंडल के अपर आयुक्त

**जगदलपुर।** गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने नव पदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा से मुलाकात की। इस दौरान जिले में मंडल द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी दी और निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने का आवश्वासन दिया गया। अपर आयुक्त के साथ सहायक अभियंता केयूर वैद्य शामिल रहे।

### हैंडपंप नहीं, दो किलोमीटर दूर से पानी ला रहे लोग




**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत खमेसरी राजनगर 2 के स्कूल पारा में पेयजल संकट से लखेश्वर बघेल विधायक को अवगत कराया। हेमंत कश्यप जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस के साथ ग्रामीणों ने तत्काल हैंडपंप खनन कराए जाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल पारा क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को लगभग 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। विधायक ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी हरी सिंह मरकाम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने पत्र लिखा। इसके पश्चात अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मरकाम ने शीघ्र स्कूल पारा क्षेत्र में हैंडपंप खनन कराकर पेयजल समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

### ढोढरेपाल, सरगीपाल व कन्या बकावंड परीक्षा केंद्र पहुंचा उड़नदस्ता



**जगदलपुर।** उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक कलेक्टर विपिन दुबे के नेतृत्व में आज कक्षा 12वीं की भौतिकी की परीक्षा केंद्र का निरीक्षण विकासखंड बकावंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढरेपाल, सरगीपाल और कन्या बकावंड केंद्र में दबीश दी गई। उड़नदस्ता दल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, संतोषी गायकवाड तथा निशा साहू शामिल रहे। तीनों केंद्रों में परीक्षा के संचालन की जानकारी मिली। तीनों केंद्राध्यक्षों को समस्त पंजियों के निर्धारण की समझाइश दी गई।

### उड़नदस्ता दल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल क्रमांक-1 ने आज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उड़नदस्ता दल के प्रभारी बी.आर. बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी तथा सदस्य रज्जी वर्गिस, रत्नेश बैंजामिन एवं सतरूपा मिश्रा ने आज 12वीं के भूगोल एवं भौतिक शास्त्र विषय की परीक्षा के दौरान तीन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अंतर्गत नगरनार, आड़ावाल एवं मारकेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उड़नदस्ता दल ने परीक्षा के शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं सफल संचालन सुनिश्चित करने, अनुचित साधनों पर रोक लगाने तथा केंद्रों की सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश केंद्राध्यक्षों को दिए। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में परीक्षा सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

## सालेमेटा एवं तीरथा में वनमंत्री ने लगाई जनचौपाल

# विकसित भारत की मजबूत नींव रख रहे: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण अभियान एवं केन्द्रीय बजट के विषयों को लेकर नारायणपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम सालेमेटा व तीरथा में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने ग्रामीणों से संवाद करते बजट की प्रमुख घोषणाओं एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त बनाने वाला बजट है, जिसमें ग्रामीण विकास, अधोसंरचना और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने वीबी-जी-राम जी अभियान के उद्देश्य बताते हुए कहा कि विकसित ग्राम पंचायतों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को पारदर्शी रूप से साकार किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस को गांव गरीब एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचने से तकलीफ हो रही है और वे भाजपा की जनहितकारी योजनाओं का विरोध कर जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। जिला संयोजक नरसिंह राव ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट चढ़ गई थी। लेकिन वर्तमान सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी ने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री रामप्रसाद मौर्य और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री तुलसु कश्यप ने किया। जन चौपाल में ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान के लिए मंत्री ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर निर्देश दीवान, संतोष बघेल, खितेश मौर्य, हरदेव बघेल, मनीराम कश्यप, दयानिधि ठाकुर, तिरसिंह बघेल, नडगी पटेल सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विवेकानन्द शक्ति केन्द्र में लगी जनचौपाल

## देश को शक्तिशाली, समृद्धशाली और विश्वगुरु बनाना लक्ष्य : देव



भारतीय जनता पार्टी की जनचौपाल बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की उपस्थिति में विवेकानन्द शक्ति केन्द्र में लगाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। हमारा संकल्प वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है। केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का अहम कदम है। ऐसे ही विकसित भारत जी राम जी योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने महती योजना है। सरकार ने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। आज हर पंचायत में औसतन 300 मकान बन रहे हैं और 10 लाख से ज्यादा परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन की शुरूआत की गई है। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में समानता के साथ विकास के कार्य प्राथमिकता से पूरे हो रहे हैं। क्षेत्र का पूर्ण विकास व जनता की समस्याओं का अविलम्ब निदान सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जन चौपाल में भारी संख्या में शामिल लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्यायें जानी और उसके त्वरित निदान के निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी नगर मण्डल महामंत्री संतोष बाजपेयी ने किया व आभार प्रदर्शन पूर्वी नगर मण्डल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव ने किया।

- जीरामजीयोजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने महती योजना

**ये रहे उपस्थित :** जन चौपाल में श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, नरसिंह राव, अविनाश श्रीवास्तव, दिगम्बर राव, मीना साहू, गीता नाग, योगेश मिश्रा, राजा यादव, माहेश्वरी ठाकुर, किरण दीवान, अभिलाष यादव, राममूर्ति पाण्डेय, अप्पल नायडू, अभय दीक्षित, यशवर्धन राव, राधा बघेल, नीलम यादव, डाकेश्वरी पाण्डेय, अजय बैरागी, रेखा सिंह, विद्या सिंह, अनुष्का साहू, लक्ष्मी कश्यप, शंकर राव, शोभा रानी, चंद्र मौली राव, प्रभात चौहान, ब्रम्हा नंद द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, खलील खान मौजूद रहे।

## 1.45 लाख का गांजा बरामद आरोपी को भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.45 लाख रूपए का गांजा बरामद कर जेल भेजा गया। अवैध गांजा बिक्री किए जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में कार्यवाहक थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा हनी डेली नीड्स आमागुड़ा पहुंच कर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अखिल पौराणिक 39 वर्ष निवासी रिलाइंस पेट्रोल पंप के पास आमागुड़ा का रहने वाला बताया। उसके पास रखे प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 2 किलो 916 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 45 हजार 7 सौ रूपए आंकी गई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

- गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई प्रमोद सिन्हा, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक प्रकाश नायक, बलराम कश्यप तथा बस्तर फायटर के जवान विजय जेना, आदित्य सिंह, उमापति बघेल, रविन्द्र यादव व कुंज बिहारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नाबालिग छात्र की दुर्घटना में मौत मामले में गिरफ्तार आरोपी कार चालक जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




ट्यूशन से घर लौट रहे मासूम छात्र को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर चालक द्वारा टक्कर मार दी थी जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इसी मामने में फरार कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा कर दिया है। आरोपी कार चालक द्वारा फरार होने की बजाए घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाने पर उसकी जान बच सकती थी लेकिन कार चालक घटना के बाद फरार हो गया था। जमानत मिलने के बाद भी उसे घटना को लेकर किसी तरह का अफसोन नहीं होने से शहरवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। लगातार सोशल मिडिया में इसकी निंदा की जा रही है।

गौरतलब है कि 14 फरवरी की शाम ट्यूशन से घर लौट रहे 13 वर्षीय छात्र दक्ष पिल्लई की तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसी मामले में जांच करते हुए मिले सीसीटीवी फूटेज से कार व चालक की पहचान कर बोधघाट पुलिस ने आरोपी चालक व्ही गिरी कुमार को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद आरोपी अपनी कार को छुपाकर फरार हो गया था। मामले में कड़े कानूनी प्रावधान नहीं होने के चलते आरोपी को थाने से ही जमानत मिल गई, जिसने परिजनों के दुख और आक्रोश को और बढ़ा दिया।

### नहीं दिखाई इंसानियत

परिजनों का कहना है कि अगर आरोपी थोड़ी भी इंसानियत दिखाते हुए घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचा देता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। आरोपी के प्रति परिवार और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल छात्र को निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए थे7 लेकिन उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## बिना तिरपाल वाले वाहनों पर किया जा रहा जुर्माना

आंखों पर रेत कंकड़ पड़ने से दुर्घटना की बनी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



परिवहन आयुक्त एवं अतिरिक्त परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार परिवहन जांच चौकी धनपूंजी में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान में उन वाहनों के विरूद्ध या जो कोयला, रेत, गिट्टी सहित अन्य खनिजों का परिवहन बिना तिरपाल लगाए कर रहे थे। इस दौरान परिवहन निरीक्षक के नेतृत्व में चेक पोस्ट टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ऐसे वाहनों की सघन जांच कर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की। ऐसे वाहनों से राजस्व समझौता शुल्क वसूल किया गया। परिवहन निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान आम जनता सहित सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है, जिससे सड़कों पर गिरता हुआ खनिज और उससे होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सड़कों में बिना तिरपाल के ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से लोगों को परेशानी हो रही है। इससे रेत और बारिक गिट्टी उड़ कर आखों में आ जाती है, जिसके चलते दुपहिया वाहन स्लिप होकर गिर रहे हैं। रेत ले जा रही वाहनों में तिरपाल नहीं ढकने से आंखों पर रेत कंकड़ पड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं की संभावना रहती है।

### अभियान रहेगा जारी

परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि आगे भी ऐसे वाहनों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान परिवहन चेकपोस्ट धनपूंजी के समस्त स्टॉफ मुस्तैदी से कार्यरत रहा।

## विशेष आवास योजना पर किया कोहकामेटा कच्चापाल, इरकभटठी गांवों का सर्वेक्षण

हाऊसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त की टीम ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में हाऊसिंग बोर्ड की ओर से किए जा रहे निर्माण कार्य का अपर आयुक्त की टीम ने स्थल में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त के साथ उपायुक्त जीपी प्रजापति एवं कोंडागांव संभाग के कार्यपालन अभियंता शामिल रहे। इसमें ओरछा स्थित निर्माणाधीन कस्तूरबा बालिका आवासीय स्कूल का निरीक्षण किया, जिसमें ठेकेदार को निर्माण में किसी भी स्थिति में मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। ओरछा में प्रस्तावित 100 सीटेट हॉस्टल निर्माण स्थल का भी अवलोकन किया। इस पर कहा कि जनजाति समूह (पीवीटीजी) अनुसूचित जन जातियों के लिए विशेष आवास योजना हेतु कोहकामेटा, कच्चापाल एवं इरकभटठी गांवों का सर्वेक्षण किया गया। साथ ही आदिवासी ग्रामीणों के पर्यावरणीय अनुकूल निवास, सुव्यवस्थित बसाहट एवं जीवन-यापन के अध्ययन हेतु विशेष आवासीय योजना प्रस्तावित कर विशेष आवासीय योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना है। गृह निर्माण मंडल का प्रदेश के समस्त जिलों में कम से कम एक आवासीय योजना लिया जाना है। वर्तमान में नाराणपुर तथा कोंडागांव जिला में भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना नहीं ली जा सकी है। भूमि उपलब्ध कराने स्थानीय कलेक्टरों से व्यक्तिगत मिलकर भूमि उपलब्ध कराने का निवेदन किया गया।

### गुणवत्ता पर समझौता नहीं

*हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने निरीक्षण के दौरान ठेकेदारों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य में लापरवाही पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

भानुप्रतापपुर में निर्माणाधीन अटल आवास भवनों का निरीक्षण कर निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन भवनों में वर्तमान तक 75 पंजीयन हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि मंडल आयुक्त द्वारा प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में कांकेर तथा दंतेवाड़ा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के समीप आवासीय कालोनी हेतु भूमि चयनकर योजना तैयान करने का निर्देश दिया गया है। जिसके परिपालन में कांकेर के गौरगांव एवं बाबूकोहका में भूमि चयन कर जिला प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत किया गया है, भूमि आवंटित होते ही योजना प्रस्तुत की जाएगी।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रम

# जब बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज होगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर ग्राम सदगुढ़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविंद नारायण जांगड़े के निर्देशन और बस्तर सामाजिक जन विकास समिति के सहयोग से विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के सचिव डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय की विशेष सहभागिता एवं सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

- न्याय हमारे व्यवहार और सोच में भी प्रतिबिंबित होना चाहिए

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सिविल जज एवं प्राधिकरण की सचिव अंकिता कश्यप ने सामाजिक न्याय की अवधारणा को प्रकृति और नैतिकता से जोड़ते हुए कहा कि न्याय केवल कानून की पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यवहार और सोच में भी प्रतिबिंबित होना चाहिए। प्राचीन काल से ही न्याय को संतुलन और सामंजस्य के रूप में देखा गया है। जैसे प्रकृति संतुलन बनाए रखती है, वैसे ही समाज में भी संतुलन आवश्यक है। जब यह संतुलन बिगड़ता है, तब गरीबी, अशिक्षा और असमानता जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक युग में न्याय का स्वरूप कानून, संविधान और व्यवस्था से जुड़ गया है। संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण, समान अवसर, शिक्षा, रोजगार और महिला सशक्तिकरण सामाजिक न्याय के प्रमुख आधार हैं। संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, जो हमारे लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि जब बेटियां शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज सशक्त होगा।




### कार्यक्रम में लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि ऐसा समाज निर्मित किया जाए जहां कोई भूखा न सोए, कोई अशिक्षित न रहे, कोई अपमानित न हो और कोई भी विकास की दौड़ में पीछे न छूटे। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों, खुला आश्रय गृह के अधीक्षक सीयाराम नेताम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी शामिल रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप



### मड़ई में जुआ खिला रहे तीन आरोपी पकड़े गए

**धनौरा।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम पंचायत जामगांव मड़ई मेला में खुडखुड़िया नामक जुआ खिला रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में राकेश मंडावी खेतरपाल थाना फरसगांव , रतूराम नाग हाट चपई थाना धनोरा, रतन नाग हाट चपई थाना धनोरा जिला कोंडागांव शामिल हैं। कुछ जुआरी पुलिस को देखकर भीड़ की आड़ में भाग गए। आरोपियों से तीन छोटी प्लास्टिक बाल्टी, लकड़ी से बनी गोटी, 1 से 6 अंक लिखा हुआ पोस्टर एवं नगद 2000 रुपए बरामद किया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 (क) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई करने में थाना प्रभारी निरीक्षक धनोरा भुनेश्वर नाग, सहायक उप निरीक्षक प्रदीप साहू, मनमोहन जैन महिला प्रधान आरक्षक सुखबती सलाम, आरक्षक बन्नू शोरी, जागेश्वर दीवान, जग्गू राम नाग का योगदान रहा।

### देवगांव पोर्टा केबिन विद्यालय में बच्चों ने रचा "प्रिंट रिच" शिक्षा का प्रेरक संसार

**नारायणपुर।** जिले के पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय देवगांव में अनुदेशकों और विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर को आकर्षक एवं शिक्षणोपयोगी बनाने की अनूठी पहल



की जा रही है। "प्रिंट रिच वातावरण" विकसित करने के उद्देश्य से बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर परिसर की दीवारों, कक्षाओं और खुले स्थानों को शैक्षणिक व रचनात्मक सामग्री से सजाया है। इस पहल के तहत परिसर में चित्र, शैक्षणिक पोस्टर, अक्षर-शब्द सामग्री, प्रेरक संदेश एवं स्थानीय सांस्कृतिक कला को प्रदर्शित किया गया है, जिससे बच्चों को निरंतर सीखने का वातावरण मिल रहा है। प्रिंट रिच वातावरण वह व्यवस्था है जिसमें बच्चे मुद्रित सामग्री से घिरे रहते हैं और सीखना उनके दैनिक अनुभव का हिस्सा बन जाता है। अधीक्षक रंजीता नाग का मानना है कि स्वस्थ एवं प्रेरणादायक वातावरण में ही बच्चों की बुद्धि और व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव है।

## प्रशासनिक दौरे के बाद भी समस्या जस की तस

# कोडलियर के स्कूली बच्चों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल





हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

जिले के ओरछा ब्लॉक में स्थित, जिसे कभी नक्सलियों की राजधानी कहा जाता था, कुतुल ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कोडलियर में बीते दिनों प्रशासनिक अमला पहुंचा था। निरीक्षण के दौरान, यह सामने आया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को आज भी शुद्ध पेयजल नसीब नहीं है। लगभग 15-20 दिन पूर्व जिला मुख्यालय से आए प्रशासनिक अधिकारियों ने कोडलियर गांव का दौरा किया था। ग्रामीणों ने कलेक्टर को पेयजल की गंभीर समस्या से अवगत कराया था। इतने दिन बीतने के बाद भी अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रतिक्रिया या समाधान देखने को नहीं मिला है।

■ नदी के झरनों पर निर्भर रहना पड़ रहा

### हैंडपंप से निकल रहा लाल पानी

*हरिभूमि की टीम ने कोडलियर गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। स्कूल में केवल एक अतिथि शिक्षक और एक रसोइया मौजूद थे। रसोइया से बातचीत करने पर पता चला कि पीने के पानी के लिए उन्हें नदी के झरनों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने बताया, प्रशासनिक अफसरों के आने पर शिकायत तो की थी, लेकिन अब तक शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हुआ। यदि शुद्ध पेयजल मिल जाए तो हमारे लिए यह बहुत बड़ी राहत होगी। अतिथि शिक्षक ने जानकारी दी कि घोटुल में संचालित स्कूल के पास हैंडपंप तो है, लेकिन उससे लाल रंग का पानी निकलता है, जो पीने या खाने के लिए अनुपयुक्त है। इसी कारण उन्हें झरनों के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है।*



## धूमधाम से मनी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नगर में शिवाजी के जयंती के अवसर पर नगर के हृदय स्थल शिवाजी पार्कवाजी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जन समुदाय ने शिवाजी महाराज की पूजा अर्चना की । प्रथम वक्ता पार्षद भूपेश चंद्राकर ने कहा शिवाजी महाराज बहादुर योद्धा थे। यह जानकारी बच्चों को भी होनी चाहिए। इसलिए सरकार को इस विशेष अवसर पर शासकीय अवकाश की घोषणा करनी चाहिए। साथ ही स्कूली पाठ्यक्रम के माध्यम से भी जानकारी देनी चाहिए। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक नीरज अग्निहोत्री ने कहा कि जब से इस शिवाजी पार्क का निर्माण हुआ है। उसके बाद आज तक इस पार्क के विकास के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है यह दुखद है। छतीसगढ़ मराठा समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ ने कहा की छत्तीसगढ़ को बने-25 वर्ष बीत गए पर आज तक सर्व समाज के गौरव शिवाजी महराज के जन्मदिन पर पूर्ववती सरकार ने पुरुषो को महिलाओ के साथ तीज पर्व फल सब्जी का व्यापार करने वाले समाज को शाकम्भरी देवी की का, साहू समाज को भक्त माता कर्मा जी की जयंती का जब दिया जा सकता है तो शिवाजी जयंती को भले हीं /"स्वराज दिवस घोषित हो परन्तु सार्वजनिक अवकाश घोषणा हो अगले वक्ता डॉ. एस के बिसेन ने कहा की युवाओ के प्रेरणा हिंदी स्वराज की स्थापना का संकल्प लिए हम उनकी जयंती मना रहे हैं।

ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, चिराग दत्त उपाध्याय, मराठा समाज के ज़िला उपाध्यक्ष, डा. आलोक जाधव, विकास खंड अध्यक्ष डमरू शिंदे, जीजा माता महिला मंडल अध्यक्ष डा. निशा जाधव, नूपुर पाण्डेय, मीनू शशिधरण, संतोष नाग, लेख राम यादव, विक्की गायकवाड़, संपादक विष्णु कोसरिया एवं अन्य उपस्थित रहे। संचालन लोकेश गायकवाड़ ने किया तो आभार प्रदर्शन डॉ आलोक जाधव ने किया।

## कलेक्टर ने अपने बच्चे के जन्मदिन पर स्कूल में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को अपने बच्चे के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बेलोतीपारा मसौरा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी एवं पुलाव परोसा गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। प्रधानमंत्री पोषण योजना को अधिक प्रभावी एवं पोषक बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'न्योता भोज' की अभिनव पहल की गई है। इस पहल के तहत जन्मदिन, वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर विद्यालय, आश्रम या छात्रवास में बच्चों के लिए सामुदायिक सहयोग से भोजन आयोजन किया जाता है।

### विद्यार्थियों को मिली कॉपी–पेन, पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को कॉपी एवं पेन भेंट किया। मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षणिक एवं दैनिक गतिविधियों की जानकारी भी ली।

### शिक्षा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती शुक्ली बाई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, बीआरपी अशोक साहू, प्रधानाध्यापिका श्रीमती हीना साहू, श्रीमती सुनीता मरकाम, संकुल प्राचार्या श्रीमती रीबा जान, संकुल समन्वयक तरुण देवांगन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किए चार स्थानीय अवकाश घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना द्वारा जिला कोण्डागांव के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए 4 स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कोण्डागांव मेला 24 फरवरी मंगलवार को कोण्डागांव एवं फरसगांव अनुभाग के लिए एवं केशकाल मेला 17 मार्च को केशकाल अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार नवाखानी 16 सितंबर को एवं गोवर्धन पूजा दीपावली का दूसरा दिन 9 नवम्बर को संपूर्ण कोण्डागांव जिला के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## दिव्यांग हितग्राहियों को दी गई मोटराईज्ड ट्रायसिकल



**कोण्डागांव।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत जिले में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत छिंदली, बड़ेराजपुर निवासी दशरथ मरकाम एवं ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा निवासी फरस को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह मोटराइज्ड ट्रायसायकल उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, कोण्डागांव के माध्यम से संतोष पांडे के हाथों हितग्राहियों को प्रदान की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। दोनों हितग्राही जन्म से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें दैनिक आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से अब वे अपने रोजमर्रा के कार्य, सामाजिक गतिविधियों एवं आवश्यक कामकाज आसानी से कर सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है, ताकि वे सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्राप्त कर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और शासन–प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे समाज की मुख्यधारा से और अधिक मजबूती से जुड़ सकेंगे।






# दंतेवाड़ा जिला संवाद 2026: सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर कितनी कारगर रही योजनाएं हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि की संयुक्त पहल पर आयोजित दंतेवाड़ा जिला संवाद में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं सांसद बस्तर महेश कश्यप से सीधे और तीखे सवाल किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों की उपस्थिति में विकास कार्यों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर खुलकर चर्चा हुई। विशेष संवाद में बीते दो वर्षों के दौरान सड़कों के विस्तार, पुल-पुलियों के निर्माण, शिक्षा संस्थानों में सुविधाओं की वृद्धि, अस्पतालों में संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, किसानों के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयासों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया।


जिले के विकास पर सांसद एवं वनमंत्री से सीधे सवाल करते संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी।


दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय से हुई सामुदायिक पुलिसिंग पर चर्चा।


जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहाटा से चर्चा।


जिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग।


वन मंत्री केदार कश्यप का स्वागत करते दंतेवाड़ा ब्यूरो प्रमुख अविनाश गोस्वामी।


सौरभ ट्रेडर्स के संचालक सौरभ सूद का हुआ सम्मान।


दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय का स्वागत करते किरन्दुल संवाददाता बिप्लव मल्लिक।


विधायक दंतेवाड़ा अटामी का स्वागत करते आईएनएच के पंकज भदौरिया।


वन मंत्री केदार कश्यप ने किया डॉ. संजय बघेल का हुआ सम्मान।


राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित व्याख्याता सुनीता गोस्वामी का हुआ सम्मान।


मंच पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अलीम रजा उसमानी, सुलोचना कर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा ।


पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते बचेली संवाददाता सूरज सिंह।


आस्था विद्या मंदिर जावंगा प्राचार्य बीके शर्मा, एएनएमएस के जीएम राघवेलु, व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज सुराना, बीटीईओ के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश सिंह गौतम।


श्रीमती अंजुलता देवांगन का वनमंत्री ने किया सम्मान।


जावंगा एजुकेशन सिटी के लिए जमीन दान करने वाले बोमड़ाराम कवासी।

## खबर संक्षेप

### राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा कल

**दंतेवाड़ा।** जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा समस्त व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव द्वारा केन्द्राध्यक्षों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं उड़नदस्ता दल के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

### नवीन भवन में संचालन प्रारंभ

बीजापुर। जिले में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला आयुष कार्यालय को उसके नवीन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक डी-17 एवं डी-18 में संचालित हो रहा जिला आयुष कार्यालय अब कोकड़ापारा स्थित विभागीय नवीन भवन में अपने नियमित कार्यों का संचालन कर रहा है। विभाग के स्थानांतरण के उपरांत 18 फरवरी 2026 को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के उक्त दोनों कक्षों को विधिवत रिक्त कर दिया गया है।

### विकसित भारत जी राम जी योजना की दी गई जानकारी

**बीजापुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत बीजापुर जिले में जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को योजना की विशेषताओं, लाभों एवं प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बीजापुर के सीईओ एवं मैदानी अमले द्वारा ग्राम पंचायत धनोरा में राशन दुकान के सामने चौपाल आयोजित की गई।

# शाखकर्तन, संग्रहण व अग्नि सुरक्षा को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नवीन तेंदूपत्ता नीति के तहत सीजन-2026 में तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं वनों को अग्नि से सुरक्षा के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बांसागार डिपो बीजापुर में किया गया।

■ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

कार्यक्रम में आरके जांगड़े वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक, वनमण्डल बीजापुर सहित अध्यक्ष एवं सदस्य संचालक मण्डल, जिला यूनियन बीजापुर, उपवनमण्डलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, वनमण्डल एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधक, फड़मुंशी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शाखकर्तन से पहले आवश्यक तैयारियों पर



जोर- कार्यशाला को संबोधित करते हुए आरके जांगड़े ने विभागीय संग्रहण से पूर्व फड़ चयन, फड़ों का जीपीएस नंबर अंकन, फड़ स्थल की सफाई, स्थानीय पंच/सरपंच के मोबाइल नंबर संधारण, स्थानीय वाहन मालिकों की जानकारी, फड़ का रूट प्लान तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बोराभर्ती गैंग के प्रशिक्षण, वैज्ञानिक तरीके से शाखकर्तन तथा शाखकर्तन उपरांत कटे हुए बुटों को थोड़ी दूरी पर फेंकने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया, ताकि संभावित आगजनी से तेंदूपत्ता उत्पादन क्षेत्र को नुकसान न पहुंचे।

### संग्रहण की चुनौतियों और समाधान पर चर्चा

जिला यूनियन बीजापुर के अध्यक्ष सीताराम मांझी सहित संचालक मंडल के सदस्य शिवराम मोड़ियामी, बुधु हेमला, रामा कट्टम, अर्जुन वडदी एवं पी चन्द्रैया ने तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं संग्रहण से जुड़े अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। उपवनमण्डलाधिकारी आवापल्ली प्रकाश कुमार नेताम ने वर्ष 2025 के संग्रहण कार्य में आई कठिनाइयों और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। वहीं उपवनमण्डलाधिकारी भोपालपटनम नीतिश रावटे ने शाखकर्तन से लेकर स्थायी गोदाम में भंडारण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### वनों की अग्नि सुरक्षा पर मार्गदर्शन

उपवनमण्डलाधिकारी बीजापुर देवेन्द्र गौड़ ने वनों को अग्नि से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों एवं रणनीतियों की जानकारी दी। साथ ही उपस्थित परिक्षेत्र अधिकारियों, प्रबंधकों एवं फड़मुंशियों ने भी शाखकर्तन और अग्नि सुरक्षा से संबंधित अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में आगामी सीजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर विशेष बल दिया गया।

# 14.57 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शुक्रवार को टाहकापाल में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण 9.57 लाख रुपये तथा 200 मीटर नाली निर्माण कार्य 5 लाख रुपये का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कुल 14.57 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इन विकास कार्यों का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के करकमलों से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य

■ सरकार द्वारा स्वीकृत विकास योजनाएं ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान

सरकार की प्राथमिकता गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आवागमन और स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सीसी सड़क के निर्माण से बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीणों को आने-जाने में सुगमता होगी।

विधायक ने आगे कहा कि नाली निर्माण कार्य से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। उन्होंने



### जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध

विधायक विनायक गोयल ने अंत में कहा कि वे क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आगे भी सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो तथा तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने क्षेत्र में लंबे समय से सड़क और नाली की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से गांव की तस्वीर बदलेगी और दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को इससे काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्र के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत विकास योजनाएं ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। टाहकापाल में प्रारंभ हुए ये निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष मिटकुराम बघेल, सरपंच पिला राम बघेल, उपसरपंच अनिता सेठिया चन्द्रकांत भण्डारी जिवनाथ मौर्य, गुलाब ठाकुर, ललुराम कश्यप, मुन्ना कश्यप शिव सुर्यवशी, रमेश मण्डावी पारो कश्यप, जयदेव पोयाम, पीलुराम, सम्पत, दयमती कश्यप, मंगली कश्यप, रमेश मण्डावी, हेमंत सेठिया, बोंगी, थबीर मण्डावी एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### भूमकाल में शहीद बंगू धाकड़ की जयंती पर मूर्ति स्थापना



**घाटलोहंगा।** भूमकाल के अमर शहीद स्व. बंगू धाकड़ की जयंती मनाने के उद्देश्य से उनके जन्मभूमि ग्राम कुदालगांव में सर्वसमाज के तत्वावधान में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से की गई, जिसमें सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ शहीद बंगू धाकड़ को नमन किया। उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान और समाज के प्रति योगदान को याद किया।

### भैरमबंद में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन्य-धान्य योजना के तहत जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए भैरमबंद में प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 15 महिलाएं भाग ले रही हैं और योजना के अंतर्गत कुल 100 किसानों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक प्रतिभागी को छह मधुमक्खी बॉक्स प्रदान किए जाएंगे, जिनमें वैज्ञानिक तरीके से शहद उत्पादन किया जा सकेगा। हर बॉक्स में आठ मधुखंड फ्रेम होंगे और प्रत्येक फ्रेम से लगभग 500 ग्राम शहद प्राप्त होने की संभावना है। इसका मतलब है कि एक बॉक्स से करीब चार किलो शहद उत्पादन संभव है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को भारतीय, एशियाई मधुमक्खी के पालन की जानकारी दी जा रह है।

# दरभा ब्लॉक के 8 केन्द्रों में हुई 12वीं की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल सीजीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा शुक्रवार से पूरे प्रदेश में शुरू हो गई। इसी सिलसिले मे दरभा ब्लॉक मे 8 केंद्र बनाई गई हैं जंहा अनुमानित 400 छात्र छात्राएं ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा दिया।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल और निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।नकलमुक्त परीक्षा पर विशेष जोर इस वर्ष बोर्ड परीक्षा को नकलमुक्त बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वंही खंड स्तरीय उड़न्दस्ता की टीम नियुक्त की गई हैं जंहा खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बी आर सी समलू राम कश्यप और शिक्षिका रजनी वर्मा द्वारा परीक्षा केंद्र चितापुर, दरभा, चिंगपाल और नेगानार मे निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने देखा की शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हुई, नेगानार मे 12वीं मे कला के 19,विज्ञान20 और कामर्स के 19 छात्र छात्रायें सम्मिलित हुए।नेगानार परीक्षा केंद्र मे केन्द्राध्यक्ष प्रमोद कुमार मरावी, एवं पर्यवेक्षक राजकुमार वैभव, गोविन्द ध्रुर्व, ममता मौर्य द्वारा शांति पूर्वक परीक्षा ली गई।

परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता दल सक्रिय रहेंगे और केंद्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे।विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाएं गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे।

## बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम और कलेक्टर आकाश छिकारा के साथ आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी का संवाद

# चिंता, डर की बात नहीं, नियत समय पर नक्सल मुक्त बस्तर का संकल्प होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के लालबाग स्थित शौर्य भवन में गुरूवार को आईएनएच और हरिभूमि के जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के द्वारा पूछे गए सवाल जवाब कार्यक्रम में बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि चिंता डर की कोई बात नहीं है। नियत समय पर भारत के साथ

### शांति आएगी तो विकास की रफतार होगी तेज

छत्तीसगढ़ और बस्तर नक्सलमुक्त होगा। वहीं नवपदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि जब क्षेत्र में शांति आएगी तो विकास की रफतार तेज होगी। शासन की जो मंशा है, उसे जिला प्रशासन पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर जिले का समुचित विकास हो और शासन की योजनाओं का लाभ गरीब और पात्र व्यक्ति को मिल सके इस पर पूरा फोकस रहता है। शुरूआत में आईजी से पूछा गया कि केरल राज्य से बड़ा एक जिला है बस्तर जो लंबे समय से नक्सल समस्या से ग्रसित है। अब इस समस्या के निदान के लिए 31 मार्च 2026 की तारीख तय की गई है। इस चुनौती को किस रूप में लेते हैं। आईजी ने कहा अकेले पुलिस ही नहीं बल्कि सभी जनप्रतिनिधि और हर वर्ग यह मानने लगा है कि नक्सल समस्या खत्म होगा। लगातार हो रहे सरेंडर और एनकाउंटर में मौत के बाद विश्वास बढ़ा है। बेहतर टीम के होने और सुरक्षाबलों को मिल रही सफलता से बस्तर में शांति और खुशहाली आएगी, इसका विश्वास है।

नक्सलवाद समाप्त होने के बाद फोर्स का क्या करेंगे। आईजी ने इस सवाल पर कहा कि फोर्स की उपयोगिता खत्म नहीं होगी, भूमिका बदलेगा और अन्य जगह उपयोग करेंगे। हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को शासन की पुर्नवास नीति के तहत सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। समाज भी उन्हें स्वीकार कर रहा है। आतंक का पर्याय रहे हिड़मा को नायक बनाने के सवाल पर कहा कि शांति, सुरक्षा और विकास इन तीनों पर काम कर रहे हैं इसलिए सफलता भी मिल रही है और विकास भी उन क्षेत्र में तेजी से हो रहा है जहां आतंक और अशांति का माहौल था।

गैर कानूनी और हिंसा की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो सीमा पार करेगा उसे सख्ती से जवाब दिया जाएगा। 13 साल पहले 2013 में झीरम कांड के बाद इतने वर्षों में आज तक नाइट लैंडिंग की सुविधा नहीं है। इस सवाल पर कहा कि इंडियन एयर फोर्स के हैलीकॉप्टर रात में भी एयरपोर्ट और हैलीपेड में उड़ान भर रहे हैं। अभी सिविल के लिए व्यवस्था नहीं है जो आगे चलकर होगा यह तय है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष फोकस

चार्ज लेते ही राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री का आगमन हो गया। सत्ता बदली और चुनौतियां भी काफी है कैसा महसूस कर रहे हैं । इस पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा नक्सलवाद समाप्ति की और है। जिले में बेखौफ होकर किसी भी क्षेत्र में जाया जा सकता है। बदलाव की स्थिति होने से विकास के सभी कार्य तेज गति से हो रहे हैं। विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सामने कांटिनेंटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का बनना बड़ी बात है। धीरे धीरे विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद भरे जाने पर इलाज के लिए रायपुर, विशाखापट्नम और हैदराबाद जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सड़क, पुल, पुलिया और टॉवर के काम तेजी से हो रहे है। विशेष बात यह है कि जिला प्रशासन को सभी का सहयोग मिल रहा है। ट्रान्सपोर्ट नगर, ट्रेफिक व्यवस्था को भी पूरा कर लेंगे। थोड़ा समय लगेगा लेकिन वायु सेवा भी पहले की तरह नियमित हो जाएगी।

सभी फोटो सौजन्य : संतोष पाण्डे, डीजी प्वाइंट

## प्रतिभा को सम्मान



**सुश्री नैना धाकड़ :** बस्तर की पहली पर्वतारोही युवती जिन्होंने महज 10 दिनों में हिमालय की ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के साथ साथ माउंट ल्होत्से पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर तिरंगा व सनातन का परचम लहराया।



**श्रीनिवास वर्मा :** पुलिस विभाग में नारकोटिक्स सेल डीसीआरबी में पदस्त उप निरीक्षक श्रीनिवास वर्मा ने विगत 12 वर्षों से आवारा पशुओं के पेट भरने का जिम्मा अपने ऊपर लिया है।



**सुश्री महफूजा हुसैन :** सैकड़ों अनाथों के लिए आश्रय एवं संपूर्ण बस्तर संभाग में घूमने वाली विक्षिप्त महिलाओं को चिन्हित कर उनकी देखभाल और पुनर्वास में उनकी संस्था आरफा वेलफेयर दिन रात जुटी हुई है।



**वृक्ष- मित्र संपत झा :** अपनी प्रतिबद्धता और सबको साथ लेकर, स्वयं सेवी प्रयास से हज़ारों पौधों का रोपण, उनकी देखभाल और वृद्धि के लिए प्रयास अब तक बीस हज़ार से अधिक पौधों का रोपण कर चुके हैं।



**युवराज सिंह :** युवराज सिंह ने देश के साथ साथ वर्ल्ड यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप मलेशिया क्वॉलामपुर, तुर्की अंटालया, बैंकाक थाईलैंड एवं यूएई में भारत का प्रतिनिधित्व कर कांस्य एवं गोल्ड मैडल प्राप्त कर बस्तर का मान बढ़ाया।

## आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी का व्यवसायी, उद्योगपति और कर सलाहकार से संवाद

# चेंबर 60 साल से रेल के लिए सड़क से सदन तक लड़ रहा लेकिन मांग नहीं हो रही पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला संवाद कार्यक्रम में नगर के प्रमुख कारोबारियों चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, ज्वेलर्स, होटल व्यवसायी एवं समाजसेवी महेंद्रकांत सांगाणी, ओसवाल जैन समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा, रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर नवीन भावसार तथा कर सलाहकार योगेंद्र कौशिक से आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने तीखे सवाल कर इस सरकार के 2 साल और

### बस्तर शांत होने से मार्केट में सब तरफ से आएगा पैसा, व्यापार फलेगा-फूलेगा

पिछले सालों में व्यापार सहित हवाई सेवा, रेल और उद्योग समेत अन्य मुद्दों पर विचार मंथन किया। विमल बोथरा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन कई मसलों पर शासन से सहयोग नहीं मिल रहा है। 60 साल से चेंबर सभी सरकारों के समक्ष सड़क से सदन तक बस्तर हित के मांगों को लगातार रखता आ रहा है। लेकिन अरबों रूपए बैलाडिला से मिलने के बावजूद रेल सुविधा की मांग पूरी नहीं हो रही है। पदयात्रा और आंदोलनों से भी समाधान नहीं हुआ। शहर में पार्किंग की समस्या गंभीर हो रही है। जिसके चलते दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

### पर्यटन में केरल जैसी संभावनाएं

नवीन भावसार ने कहा रोटरी क्लब सेवाभावी संस्था है। जब जब जहां जरूरत पड़ती है वहां मदद पहुंचाने का काम करते हैं। कोविड के समय जब स्थिति गंभीर थी तब 10 दिन का मेडिकल कैम्प लगाकर 25 हजार लोगों को फायदा पहुंचाया गया। यहां पर्यटन विकास की संभावनाएं बहुत ज्यादा है। बस्तर नैसर्गिक दृष्टि से खूबसूरत जगह है, भारी मात्रा में खनिज और वन संपदाएं हैं। नक्सल समस्या खत्म होने से बस्तर को पर्यटन में केरल से ज्यादा बढ़ा सकते हैं।

### राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी

भंवर बोथरा ने कहा कई एमओयू हुए जिनमें से कुछेक को ही धरातल पर सफलता मिली । पूर्व सांसद दिनेश कश्यप के साथ रेल की मांग को लेकर दिल्ली तक दौड़ लगाने के बाद भी मांग पूरी नहीं हुई। इस एयरपोर्ट में रात में विमान उतर ही नहीं सकता। शहर में जगह जगह अवैध कब्जा के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था अच्छा नहीं होगा तो अन्य उद्योग का आना बेमानी है। राजनीतिक इच्छा शक्ति में कमी के कारण समस्याओं का समय पर समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है।

### अन्य जगह की तुलना में यहां व्यापार करना सुरक्षित

लगभग 60 वर्ष से यहां व्यापार कर रहे महेंद्रकांत संगाणी ने कहा कि अन्य जगह की तुलना में यहां व्यापार करना अधिक सुरक्षित है। नक्सलवाद खत्म होने से सभी तरफ से पैसा मार्केट में आएगा और व्यापार फलेगा, फूलेगा। पर्यावरण को नुकसान कर विकास नहीं होना चाहिए। यहां किसी भी बड़े उद्योग के लिए 4 चीजों की आवश्कता पड़ती है। पूंजी उद्योगपति लेकर आएगा, रॉ मटेरियल यहां है, बस 2 चीज आवागमन और स्थानीय कर्मचारी की जरूरत है। बस्तर का प्रवेश द्वार केशकाल घाट की समस्या आज भी नहीं सुलझ सकी है। राज परिवार ने शहर बसाया था और इंग्लैंड के आर्किटेक्ट ने व्यवस्थित नगर बनाया था। पार्किंग व्यवस्था में सभी का योगदान और सहयोग आवश्यक है।

### सबका विकास और समृद्धि तेजी से हो रहा

कर सलाहकार योगेंद्र कौशिक ने जीएसटी के विषय में कहा कि पॉकेट से कोई टैक्स नहीं भरता, कन्जूमर से लेकर जमा करते हैं। इसमें फार्म भरने का तरीका गलत लग रहा है जिसमें धीरे धीरे सुधार आएगा। यहां भवन और आफिस तेजी से बन रहे हैं, जिनके पास एक गाड़ी था वहां 3, 4 गाड़ी हो गए हैं पैसा कमा रहे हैं उन्नति भी हो रहा है। पहले की तुलना में नगर में हर दृष्टि से तरक्की दिख रहा है।

दो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के नेताओं समेत सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष से आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक का संवाद

# कभी कालापानी माना जाने वाला बस्तर आज विकसित और असीम संभावनाओं वाला जिला



### बाहरी लोग यहां खरीद रहे जमीन

जतीन जायसवाल ने कहा कि 2 साल में इस सरकार की कोई उपलब्धि सामने नहीं है। आम लोग शहर से दूर डिमरापाल मेडिकल कालेज मुश्किल से पहुंच पाते हैं। और वहां जाने पर डॉक्टर नहीं मिलता। वहीं कांटिनेंटल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अघोषित रूप से चालू हो गया है लेकिन कोई सुविधा नहीं है। कांग्रेस सरकार के समय महारानी अस्पताल की स्थिति बेहतर थी। यहां का पैसा डॉ रमन सिंह कवर्धा ले गए। आज तनाव के कारण बीमारियां बढ़ रही है। 2 साल में सरकारी सेवक ज्यादा तनाव में ग्रसित हो रहे हैं। नक्सल समस्या खत्म होना सुखद बात है लेकिन विचारधारा कोई खत्म नहीं कर सकता । इसकी आड़ में अडानी, अंबानी को जमीन और खदान दे रहे हैं। बाहरी लोग बीजापुर में 100-100 एकड़ जमीन खरीद रहे हैं जबकि स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकार आदेश करे कि बाहरी लोग बस्तर में जमीन नहीं खरीद सकते। नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के लिए प्रोसेस शुरू हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला संवाद कार्यक्रम में गुरूवार को आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने भाजपा के सांसद महेश कश्यप और ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी तथा कांग्रेस के पूर्व महापौर जतीन जायसवाल एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी समेत छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी के प्रांतीय अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम से सवाल जवाब किया।

महेश कश्यप ने कहा कि पहले हम सुनते थे सरकारी मुलाजिम को सजा के तौर पर कालापानी कहते हुए बस्तर भेजा जाता था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनने के बाद हमारे शासन में बस्तर तेजी से तरक्की करने वाला जिला बना है। थोड़ी बहुत कमियां होगी लेकिन ओवरऑल देखें तो हर क्षेत्र में बस्तर में विकास काफी हुआ है। लंबे समय तक राज करनी वाली कांग्रेस पार्टी ने नक्सल समस्या को बढ़ावा दिया है। दलपत सागर में जलकुंभी और अतिक्रमण के सवाल पर कहा कि जनता की भी जवाबदारी बनती है। बच्चा रोएगा नहीं तो मां दूध भी नहीं पिलाती। पीएससी और शराब घोटाले ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया।

### बस्तर आने से लोग डरते थे अब बीजापुर जाना आसान

श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज होगा और नक्सल समस्या का अंत आएगा यह सोच नहीं सकते थे। बाहर के लोग छत्तीसगढ़ आने से और रायपुर के लोग बस्तर आने से तथा यहां के लोग सुकमा जाने से डरते थे। अब बीजापुर जाने में कोई डर भय की स्थिति नहीं है यह बदलाव बस्तर में आया है। वायुसेवा के विषय में कहा कि जल्द पहले की तरह रायपुर, जगदलपुर और हैदराबाद की वायु सेवा शुरू हो जाएगी। नक्सल समस्या खत्म होने से शांति आएगी और विकास के लिए उद्योगपति आएंगे ऐसे में जमीन उन्हें देना पड़ेगा।

### सरकारी जमीन पर पार्किंग की मांग अनसुनी

राजेश चौधरी ने कहा कि शहर के मध्य सरकारी जमीन पर पार्किंग के लिए लोगों के हस्ताक्षर लेकर जन आंदोलन किया गया। लेकिन यह सरकार जनता की भी बात नहीं सुनती। भूपेश सरकार ने आत्मानंद स्कूल खोला, भाजपा के लोग संविदा शिक्षकों को नियमित करने का वादा किया था जो पूरा नहीं हुआ। ट्रांसपोर्ट नगर तक नहीं बना पाए हैं। मेडिकल कॉलेज खुल गया लेकिन एक न्यूरो सर्जन तक नहीं है।

### प्रशासन को टाइट करने से होता है काम

राजाराम तोड़ेम ने कहा कि प्रशासन ढीला हो तो जनता का कोई काम समय पर नहीं होता। इसलिए सत्ता में बैठे लोगों को प्रशासन को टाइट करना चाहिए। एक टीचर 5 कक्षाओं को पढ़ाएगा तो रिजल्ट क्या आएगा, ऐसी स्थिति अभी भी है। पांचवी अनुसूची और पेसा कानून वाले इस क्षेत्र में अभी भी नियम अनुसार काम नहीं हो रहा। 40-50 साल से सत्ता में रहे कांग्रेस के समय नक्सल समस्या बढ़ा है लेकिन इस सरकार के समय समस्या समाप्त होने की स्थिति में है।

## हमारे सहयोगी



बी.के. ग्रीनवुड के धनेश्वर पाण्डे एवं विजय पाण्डे का हुआ सम्मान।



हेमंत पैथोलॉजी के डॉ. हेमंत कुमार का हुआ सम्मान।



होटल अविनाश इंटरनेशनल के अभिषेक राव मद्दी का हुआ सम्मान।



बाफना लाइफ स्टाइल के शैलेन्द्र बाफना का हुआ सम्मान।



पृथ्वी डेव्हलपर्स के सम्मान के लिए पहुंचे उनके प्रतिनिधि।

